भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 576
दिनांक 03 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न

पंजाब में राष्ट्रीय पशुधन मिशन

576. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पंजाब, विशेष रूप से आनंदपुर साहिब लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आवंटित निधि और निर्मित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है;

(ख) होशियारपुर जिले के गढ़शंकर, नवांशहर जिले के बलाचौर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बकरी/भेड़ पालन इकाइयों सहित पशुपालन इकाइयों और रोपड़ जिले के चमकौर साहिब में सहायताप्राप्त दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों की सूची का ब्यौरा क्या है;

(ग) होशियारपुर के गढ़शंकर और रोपड़ के चमकौर साहिब के गांवों में मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित और नस्ल सुधार सब्सिडी प्राप्त करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त जिलों में छोटे पशुपालकों के लिए पशुधन बीमा को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के साथ एकीकृत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए / उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में पंजाब राज्य को योजना के विभिन्न घटकों में 369.66 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

(ख) होशियारपुर जिले के गढ़शंकर और नवांशहर जिले के बलाचौर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी/भेड़ पालन इकाइयों सहित कोई भी पशुपालन इकाई स्थापित नहीं की गई है। पंजाब में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थित बकरी और भेड़ इकाइयों की संख्या नीचे दी गई है:

जिला	परियोजनाओं की सं	कुल परियोजना लागत (लाख रुपये में)
अमृतसर	1	100
फरीदकोट	2	50.224
फाजिल्का	3	173.07496
गुरदासपुर	1	46.8105
मनसा	2	75.508
पठानकोट	2	191.1795
पटियाला	1	118.624
श्री मुक्तसर साहिब	2	98.72979
कुल योग	**14**	**854.15075**

पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), भारत सरकार, ''राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD)'' योजना कार्यान्वित कर रहा है। NPDD योजना के घटक 'ख' के अंतर्गत रोपड़ दुग्ध संघ के लिए 5 लाख लीटर प्रतिदिन (LLPD) क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र को 310.013 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृत किया गया है।

(ग) प्रश्न से संबंधित जानकारी शून्य है।

(घ) जुगाली करने वाले छोटे पशु या किसी अन्य पशुधन के लिए पशुधन बीमा को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में एकीकृत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******